# मिसाइल मैन

## अति लघु उत्तर लिखिए -

**क)** डॉ ० कलाम भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और देश के 11वें राष्ट्रपति थे |

**ख)** पाँच प्रक्षेपास्त्रों को विकसित करने का विचार किया - पृथ्वी , आकाश , त्रिशूल , नाग  और अग्नि |

## लघु उत्तर लिखिए -

**क)** सागर तट पर पहुँचकर पक्षियों को उड़ते हुए देख उनके उड़ान भरने की प्रक्रिया , पैरों की मरोड़ , पंखों की गति , पूँछ से संतुलन , सभी क्रियाओं का सामंजस्य आदि सब स्पष्ट हो गया |

**ख)** शिक्षा में संचार के माध्यम से दूरस्त शैक्षिक कार्यक्रमों को देखकर प्रत्येक क्षेत्र में सफलता से व्यावहारिक बनाने के लिए तथा शिक्षण संस्थाओं से विद्यार्थी और शिक्षकों का प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों तरह से संपर्क साधा जा सकता है |

## दीर्घ उत्तर लिखिए -

**क)** डॉ० कलाम जब पाँचवीं कक्षा में पढ़ रहे थे , तब एक दिन कक्षा में अध्यापक श्यामपट पर चित्र बनाकर चिड़िया के उड़ने का सिद्धांत समझा रहे थे | पर उन्हें यह सिद्धांत समझ  आया | इसके लिए उनके अध्यापक बच्चों को समुद्र तट पर ले गए | वहाँ पक्षियों की उड़ान उनके मन की गहराई में उत्तर गई और इसी से उन्होंने अपना जीवन लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित कर लिया |

**ख)** डॉ ० कलाम का कहना कि किसी भी युवक को भविष्य से घबराने की आवश्यकता नहीं है | अगर उसने अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है | समय बहुत मूल्यवान है | सदाचारी बनो ! आत्मविश्वास रखो कि तुम्हारे पास हर समस्या का समाधान करने की क्षमता है | ऐसा करके तुम अपने लक्ष्य को सरलता से प्राप्त कर लोगे |